## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. हेमंत सोरेन गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ, राज्यपाल संतोष गंगवार अन्य मंत्रियों को भी दिलायेंगे पद और गोपनीयता की शपथ।
2. मंत्रियों के चयन को लेकर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के बीच विचार–विमर्श हुआ तेज ।
3. पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपने आंदोलन को बताया एक सामाजिक अभियान ।
4. मौसम विभाग का पूर्वानुमान, दक्षिण– पश्चिम से आने वाली ठंडी हवाओं से कल से और गिरेगा पारा , बढ़ेगी सर्दी।
5. 20 वीं राज्य सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में रांची जिला बना ओवरऑल चैंपियन

*******************

प्रदेश में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने राज्य में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें राज्य में नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल से भेंट के बाद श्री सोरेन ने बताया कि शपथ–ग्रहण इस महीने की 28 तारीख को होगा।

इससे पहले, हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन का नेता चुना गया। रांची में नवनिर्वाचित विधायकों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। इधर मंत्रियों के चयन को लेकर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के बीच विचार – विमर्श तेज हो गया है।

*******************

चुनाव आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने विधानसभा चुनाव–2024 में विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपी। राज्यपाल को सूची सौंपने के साथ ही राज्य में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया समाप्त कर ली गयी

*******************

विधानसभा चुनाव पणिाम को लेकर भाजपा में समीक्षा का दौर जारी है। 30 नवंबर को रांची में भाजपा सभी जिलाध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक करेगी। वहीं 3 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत पार्टी के कई नेता दिल्ली जायेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा होगी। इस दौरान प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी मौजूद रहेंगे।

*******************

भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपने आंदोलन को एक सामाजिक अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनैतिक या चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर की रक्षा के लिए एक सशक्त पहल है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण कानून हमारे समाज के हर नागरिक से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या आयु का हो, उपभोक्ता है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना उसका कर्तव्य है। इसके प्रावधानों ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल रांची के एनयूएसआरएल में आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के तहत "उपभोक्ता संरक्षण कानून" के समापन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने विधि के क्षेत्र में

स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख करते हुए विधिशास्त्र के विद्यार्थियों को नैतिकता और न्याय के उच्च मानदंड स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

*******************

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरु होगा। 26 दिनों तक चलनेवाले इस सत्र में 19 बैठकें होंगी।

*******************

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से संसद की मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया। आकाशवाणी समाचार को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने सांसदों से संसद में मर्यादा के उच्चतम मानक स्थापित करने की अपील की।

आरक्षण के मुद्दे पर एक सवाल का जवाब देते हुए, श्री बिरला ने कहा कि राजनीतिक दल इस पर आरोप–प्रत्यारोप लगा सकते हैं, लेकिन किसी भी सरकार ने कभी भी आरक्षण के प्रावधान से छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा इस बात पर दृढता दिखाई है।

कल मनाए जाने वाले संविधान दिवस से पहले श्री बिरला ने संविधान पर खतरे के सभी दावों को खारिज किया। लोकसभा अध्यक्ष का पूरा साक्षात्कार 100.1 एफएम गोल्ड पर आज शाम सात बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले आकाशवाणी समाचार के कार्यक्रम सुर्खियों के अंतर्गत सुना जा सकता है।

*******************

रांची में एक ऐसा सरकारी विद्यालय है जो कई मायनों में अनोखा है ।

*******************

रांची समेत पूरे राज्य में  कल से सर्दी बढ़ने की संभावना है। इसका असर आज से ही दिखने लगेगा। मौसम विभाग रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार मौसम में यह बदलाव बंगाल की खांड़ी में निम्न दबाव के कारण होगा, जिसका व्यापक असर दक्षिण भारत के राज्यों पर पड़ने की सभावना है। झारखंड में भी इसके प्रभाव से हल्के बादल छाने के साथ दक्षिण पश्चिम से आने वाली ठंडी हवाएं ठंड में इजाफा करेगी। राज्य भर में अगले तीन दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं। न्यूनतम तापमान 8 से नौ डिग्री पर पहुंचने के आसार हैं।

*******************

सिल्ली में आयोजित झारखंड राज्य सब जूनियर वुशु प्रतियोतिगा में रांची जिला ओवरऑल चैंपियन बना। वहीं चतरा जिला दूसरे और लोहरदगाा तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने झारखंड में 28 नवंबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण की खबर को अपनी सुर्खी बनाई ळें

हिंदुस्तान के शब्द हैं – नई सरकार , हेमंत सोरेन 28 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ।

हार की समीक्षा में जुटी भाजपा, 30 को जिलाध्यक्षों और प्रभारियों से मंत्रणा, शीर्षक के साथ दैनिक भास्कर ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन 28 को लेंगे शपथ, राहुल व ममता समेत कई राष्ट्रीय नेता रहेंगे मौजूद।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– 81 में नौ विस सीटों पर जीत के अंतर से ज्यादा मिले नोटा को वोट।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी गुरूवार को हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने  की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।

********************